**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

पत्रांकः— 586 /11—सी—FP/UP/Road/146875/2021, लखनऊ, दिनांकः सितम्बर 04 ,2023

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
लखनऊ मण्डल,
लखनऊ।

विषयः— सीतापुर—हरदोई (राजमार्ग संख्या—330डी) के किमी0 0.000 से 38.853 तक दो लेन से चार लेन पेब सोल्डर सहित चौड़ीकरण में सीतापुर वन प्रभाग में प्रभावित 28.707 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 1549 वृक्षों के पातन तथा हरदोई वन प्रभाग में प्रभावित 8.28 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 1200 वृक्षों के पातन अर्थात कुल 36.987 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 2749 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः— इस कार्यालय का पत्रांक—211/11—सी—FP/UP/Road/146875/2021, दिनांक 25.07.2023 एवं आपका पत्रांक—934/14—10—4, दिनांक 30.08.2023

महोदय,

इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में इंगित की गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा इस कार्यालय को ऑनलाइन प्रेषित किया गया। ऑनलाइन प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त ऑनलाइन में पुनः निम्नलिखित कमियॉ/अभिलेखों का आभाव पाया गयाः—

**ऑनलाइन पार्ट—2 में DFO के स्तर पर पायी गयी कमियॉः—**

**हरदोई वन प्रभागः—**

1. प्रभागीय वनाधिकारी का संस्तुति का पूर्ण हिन्दी भाग—2 ऑनलाइन अपलोड नहीं है।
2. पूर्ण प्रस्ताव की एक सिंगल पी0डी0एफ0 फाइल एवं Covering Letter एवं चेक लिस्ट कॉलम में टिक (√) करके चेक लिस्ट पुनः अपलोड नहीं है।

**सीतापुर वन प्रभागः—**

1. ऑनलाइन के क्रमांक—5 Working plan prescription for the forest land proposed for diversion में विवरण गलत फीड है।
2. ऑनलाइन के क्रमांक—13(i) में CA की धनराशि गलत फीड है। अतः सही धनराशि फीड करें।
3. ऑनलाइन के क्रमांक—13(ii) में अपलोड CA प्राक्कलन में CA स्थल का क्षेत्रफल ऑनलाइन भाग—2 में फीड किये गये CA स्थलों के क्षेत्रफलों में भिन्नता है। अतः एक समान सही क्षेत्रफल प्राक्कलन एवं ऑनलाइन में यथास्थान पर अपलोड करें।
4. पूर्ण प्रस्ताव की एक सिंगल पी0डी0एफ0 फाइल एवं Covering Letter एवं चेक लिस्ट कॉलम में टिक (√) करके चेक लिस्ट अपलोड नहीं हैं।
5. ऑनलाइन पार्ट—2 के Additional Information Detail में क्रमांक—4, 5, 6, 7 एवं 9 पर अपलोड किये गये अभिलेखों का नाम रिमार्क कॉलम में अंकित नहीं है।

अतः उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण के पश्चात् बिन्दुवार निराकरण ऑनलाइन अपलोड कर पूर्ण ऑनलाइन प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(अनुपम गुप्ता)**
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पत्रांकः— 586 /11—सी—FP/UP/Road/146875/2021, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, सीतापुर एवं हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता, एन0एच0 डिवीजन, लो0नि0वि0, कानपुर।

**(अनुपम गुप्ता)**
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

P-1165